# छत्तीसगढ़ सरकार ने नई पहल शुरू की

## चर्चा में क्यों?

**छत्तीसगढ़ के** **मुख्यमंत्री** **विष्णु देव साय** ने वरिष्ठ नागरिकों के लिये नई पहल की घोषणा की, जिसमें **आधुनिक वृद्धाश्रम** और एक विशेष '**सियान गुड़ी' सुविधा केंद्र**' शामिल है, साथ ही **ईजमाईट्रिप** (EaseMyTrip) के सहयोग से **पर्यटन** को बढ़ावा दिया जाएगा।

## मुख्य बिंदु

- **वरिष्ठ नागरिकों के लिये प्रमुख घोषणाएँ:**
  - **आधुनिक वृद्धाश्रम**: ये रायपुर, बिलासपुर, कोरबा और दुर्ग में **सार्वजनिक-निजी भागीदारी (PPP)** के तहत स्थापित किये जाएंगे।
  - **'सियान गुड़ी' सुविधा केंद्र**: यह **वरिष्ठ नागरिकों** की देखभाल के लिये एक समर्पित केंद्र है, जो **सांस्कृतिक और सामाजिक सम्मान** सुनिश्चित करता है।
  - **सहायक उपकरण सेवा केंद्र**: दिव्यांगजनों द्वारा उपयोग किये जाने वाले उपकरणों की मरम्मत के लिये रायपुर में **सहायक उपकरण सेवा केंद्र** की स्थापना की जाएगी।
- **अन्य क्रियान्वित पहलें:**
  - वर्तमान में 35 **वृद्धाश्रम** 1,049 **वरिष्ठ नागरिकों** को सेवा प्रदान कर रहे हैं।
  - छह ज़िलों में **प्रशामक देखभाल केंद्र** कार्यरत हैं।
  - **हेल्पलाइन सहायता**: समाज कल्याण विभाग की हेल्पलाइन द्वारा 54,000 से अधिक समस्याओं का समाधान किया गया।
  - **आयुष्मान भारत** एवं **शहीद वीर नारायण सिंह स्वास्थ्य सहायता योजना** के अंतर्गत **निशुल्क स्वास्थ्य सेवा**।
  - **मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना** एवं **श्री रामलला दर्शन योजना**।
- **पर्यटन प्रोत्साहन के बारे में:**
  - पर्यटन को बढ़ावा देने और रोज़गार सृजन के लिये **पर्यटन साथी पहल** के तहत **ईजमाईट्रिप** के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किये गए।
  - **ITI सड्डू** में व्यावसायिक टूर गाइड प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की शुरुआत की जाएगी , जिसमें 3 महीने के मॉड्यूल में 50 प्रशिक्षुओं का बैच होगा।
  - इसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ के पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देना तथा स्थानीय युवाओं के लिये **रोज़गार के नए अवसर** प्रदान करना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/wildlife-week-2025-celebrations-1